तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **ओमप्रकाश बनाम राजस्थान सरकार** **अपील संख्या जीसीएमएस नं. 2021 / 355**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07.03.22	पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि अपीलार्थी वादग्रस्त आराजी ग्राम डाबडीधीरसिंह के खसरा नम्बर 274 का रिकार्डेड खातेदार काश्तकार है उसके बावजूद भी अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर द्वारा अपीलान्ट को बिना सुनवाई का अवसर दिये ही अपीलाधीन आदेश दिनांक 22.11.2021 पारित किया गया है जो न्याय के प्राकृतिक सिद्धान्तों के विपरित होने से उसे उचित नही ठहराया जा सकता। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर जिला झुन्झुनू द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 22.11.2021 को अपीलान्ट की आराजी की हद तक निरस्त किया जाता है तथा प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर जिला झुन्झुनू को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि प्रकरण में उभयपक्ष को साक्ष्य, सबूत, दस्तावेजात इत्यादि प्रस्तुत करने का एवं सुनवाई का समुचित अवसर दिया जाकर प्रकरण में पुनः विधि सम्मत निर्णय तीन माह में आवश्यक रूप से करें। (दिनेश कुमार यादव) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	